मुख्यमंत्री ने रोज़गार प्रयाग पोर्टल और ‘युवा उत्तराखंड एप’ को लॉन्च किया

चर्चा में क्यों?

10 अक्तूबर, 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित ‘उत्तराखंड युवा महोत्सव-2023’ कार्यक्रम में रोज़गार प्रयाग पोर्टल और ‘युवा उत्तराखंड एप’लॉन्च किया। साथ ही उन्होंने सेवायोजन कार्यालयों में स्वरोज़गार केंद्रों का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रोज़गार मेलों के माध्यम से चयनित 17 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रोज़गार प्रयाग पोर्टल से विभिन्न सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरे जाने वाले पदों की जानकारी और आवेदन करने की प्रक्रिया सरल होगी, वहीं इस पोर्टल से विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग के पदों की सूचना भी युवाओं को मिल सकेगी।
- प्रदेश के कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि उत्तराखंड के विकास के लिये युवाओं का कौशल विकास ज़रूरी है। इसी सोच के साथ युवाओं को कौशल विकास और रोज़गार से जोड़ने के लिये युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
- उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से युवाओं को सभी जानकारियाँ मिल सके, इसलिये सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-launches-rozgar-prayag-portal-and-yuva-uttarakhand-app